

# जिले में खाद के लिए अन्नदाता की मशक्कत जारी

## खाद का टोकन न मिलने से नाराज किसानों ने किया चक्काजाम, समझाइश पर हटे



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में खाद के लिए अन्नदाताओ की मशक्कत जारी है, जिसके चलते आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रहीं है। जहां एक दिन पहले खाद के लिए लाइन में लगे दो किसान आपस में भिड़ गए, तो वहीं शनिवार को टोकन न मिलने से किसानों ने चक्काजाम कर दिया, जिसकी बजह से काफी देर तक यातायात बाधित रहा। तो वहीं चक्काजाम की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों को समझाइस दी, जिसके बाद किसान ने चक्काजाम खोला।

दरअसल शनिवार सुबह ही पुरानी मंडी स्थित खाद गोदाम पर खाद लेने के लिए बड़ी संख्या में किसान पहुंच गए थे। जहां टोकन प्रणाली के तहत खाद वितरण किया जा रहा था, लेकिन टोकन कम मिलने से किसानों में नाराज हो गए और उग्र होकर वायपास रोड पर स्थित अधिराज होटल के सामने चक्का जाम कर दिया। जहां चक्काजाम की सूचना मिलते ही मौके पर तहसीलदार भारतेंदु यादव, नायब तहसीलदार शंभू मीना और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जहां अधिकारियों ने किसानों से बातचीत की और उन्हें समझाइस देते हुए बताया कि सोमवार को भी टोकन वितरित किए जायेगे, जिसके बाद किसान चक्काजाम से उठे।

**चक्काजाम के कारण यातायात हुआ बाधित:**

खाद का टोकन न मिलने से नाराज किसानों ने मंडी रोड़ के सामने चक्काजाम कर दिया, जिसकी बजह से सड़क के दोनो ओर वाहनों की काफी लंबी कतारे लग गई, इस दौरान दो पहिया वाहन से लेकर चार पहिया वाहन चालक इस जाम में फसते नजर आए। करीब 15 से 20 मिनिट चले इस प्रदर्शन के बाद अधिकारियों के समझाइस के बाद किसान उठे, जिसके बाद यातायात फिर सामान्य हो सका।

# गीताबाई की ब्राह्मण समाज ने की रसोई

**अपने जीते जी समाज को दान कर दी थी सपत्ति**

**अंत्येष्टी से लेकर समाज ने की त्रयोदशी**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जीते जी समाज को अपनी संपत्ति दान करने वाली महिला स्वर्गीय गीता बाई की समाज द्वारा रसोई की गई। सर्व ब्राह्मण महापंचायत ट्रस्ट द्वारा स्थानीय सर्व ब्राह्मण समाज धर्मशाला में शनिवार को त्रयोदशी का कार्यक्रम किया गया। इसके पूर्व स्वर्गीय गीता देवी के निवास पर पंडित देवकीनंदन शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजन किया गया। इसके बाद में गीता स्वाध्याय समिति द्वारा 15 वे अध्याय का पाठ किया गया। स्वर्गीय गीता बाई जिन्होंने अपनी सारी संपत्ति ब्राह्मण समाज को दान कर दी और अंत में स्वर्ग लोक को सिधार गई। ब्राह्मण समाज द्वारा उनकी अंत्येष्टि के साथ-साथ शनिवार को त्रयोदशी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शहर के सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। त्रयोदशी का कार्यक्रम बड़े विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ किया गया। त्रयोदशी के कार्यक्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के सभी मंदिरों के पुजारियों को सम्मानित किया गया।इस मौके पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, राजीव कुमार मिश्रा एसपी, ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## एक नजर में



### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष पर मंडल पथ संचलन संपन्न

**पिपरई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष अवसर पर पिपरई खंड के मंडल अमरोद में द्वारा पथ संचलन का निकाला गया। इस पथ संचलन में करीब नौ गांवो के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सीताराम महाराज बागरोद आश्रम रहे। तो वहीं मुख्य वक्ता प्रहलाद यादव रहे, जिन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व और पंच परिवर्तन की समाज में की भूमिका और संघ के 1925 से 2025 तक की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला प्रकाश डाला। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने अनुशासन और एकता का प्रदर्शन करते हुए कदमताल किया। तो वहीं ग्रामवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर संचलन का स्वागत किया। संघ के सदस्यों द्वारा बताया गया कि यह आयोजन संघ के शताब्दी वर्ष के ऐतिहासिक क्षणों को यादगार बनाने के साथ-साथ समाज में संगठन, सेवा और राष्ट्रभक्ति का संदेश देने वाला रहा।

### नगर के 5 बस्ती में पथ संचलन आज

**अशोकनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार 5 अक्टूबर को पथ संचलन निकाला जायेगा, यह पथ संचलन 5 बस्ती एवं 33 स्थानों से निकलेगा। उल्लेखनीय है कि संघ शताब्दी वर्ष में बस्तियों के नाम महर्षि वाल्मीकि बस्ती सरस्वती विद्यालय, दुर्गा बस्ती ब्लू चिप पब्लिक स्कूल, अवधपुरी बस्ती, राजेंद्र नगर कॉलोनी, गायत्री बस्ती, दुबे जी का बड़ा और शिवाजी बस्ती से पथ संचलन निकाला जायेगा, जिसका प्रचार प्रसार स्वयंसेवको द्वारा शनिवार को किया गया और लोगों से इस पथ संचलन में भाग लेने की अपील की गई।




### कलेक्टर ने राज्यपाल के आगमन की तैयारियों का लिया जायजा

**अशोकनगर।** प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल का जिले की तहसील चंदेरी के ग्राम खानपुर में 6 अक्टूबर को भ्रमण है। जिसकी तैयारियों के संबंध में कलेक्टर आदित्य सिंह ने शनिवार को ग्राम खानपुर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थरल एवं हेलीपेड स्थल पहुंचकर सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हेलीपेड पर गार्ड ऑफ ऑनर, सुरक्षा हेतु बैरिकेट्स लगाए जाने तथा कारकेट व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने हेलीपेड से कार्यक्रम स्थल तक पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया। साथ ही विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था, बेरीकेटिंग, पार्किंग स्थल के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर मंच व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए विद्युत, पेयजल, स्वास्थ्य सहित अन्य समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए।

# क्षेत्र में पीडीएस चावल का काला कारोबार जारी

## पिपरई तहसीलदार की बड़ी कार्यवाही, गोदाम से भारी मात्रा में चावल बरामद



**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** क्षेत्र में लंबे समय से पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) के चावल का काला कारोबार जोरों पर चल रहा है। शुक्रवार को इस गोरख धंधे का बड़ा खुलासा तब हुआ जब पिपरई तहसीलदार द्वारा पिपरई के पास स्थित पागलपुर में एक गोदाम पर छापामार कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई विश्वसनीय सूचना के आधार पर की गई थी। जानकारी के अनुसार यह गोदाम पिंटू जैन नामक व्यक्ति का बताया जा रहा है जहां से तहसीलदार की टीम ने भारी मात्रा में पीडीएस का चावल बरामद किया है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने तत्काल गोदाम को सील कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोदाम मालिक द्वारा लंबे समय से चावल का कारोबार किया जा रहा था। बताया जाता है कि शुक्रवार को भी अवैध रूप से चावल की खेप भरकर परिवहन की तैयारी की जा रही थी, लेकिन प्रशासन को भनक लगते ही यह पूरा नेटवर्क हिल गया। अधिकारियों के मौके पर पहुंचने से पहले ही जिस ट्रक से चावल परिवहन होना था उसे चालक वहां से लेकर फरार हो गया। कार्रवाई के दौरान गोदाम मालिक द्वारा कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। बताया जा रहा है कि उसने स्वयं स्वीकार किया है कि यह चावल का काला कारोबार सिर्फ उसके स्तर पर नहीं बल्कि क्षेत्र भर में संगठित रूप से चल रहा है। उसने इशारों-इशारों में यह भी कहा कि यह कारोबार कुछ प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत से संचालित हो रहा है। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर इतने लंबे समय से चल रहे इस अवैध कारोबार की प्रशासन या पुलिस को भनक क्यों नहीं लगी? क्या सूचना तंत्र इतना कमजोर है कि क्षेत्र में खुलेआम गरीबों का अनाज मुनाफाखोरों के गोदामों में जमा होता रहा और किसी को खबर तक नहीं हुई? पिंटू जैन के अनुसार इस तरह का कारोबार कई स्थानों पर जारी है जहां से प्रतिदिन ट्रकों से भरकर यह कारोबार चल रहा है गोदाम मालिक ने मुंगावली, अथाईखेड़ा सहित कई और स्थानों पर भी कारोबार की बात कही है तहसीलदार ने बताया कि बरामद किए गए चावल की मात्रा का आंकलन किया जा रहा है और इस संबंध में संबंधित विभागों को सूचना भेज दी गई है। जल्द ही आपूर्ति विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम इस मामले में गहराई से जांच करेगी फिलहाल गोदाम सील कर दिया गया है और इस पूरे प्रकरण की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है।

**कार्यवाहीं से हड़कंप:**

वहीं प्रशासनिक कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। अब देखना यह होगा कि क्या यह मामला केवल गोदाम सील करने तक सीमित रहेगा या फिर इस काले कारोबार के पीछे बैठे बड़े माफिया तक भी कार्रवाई की गाज गिरेगी।

***इनका कहना है।***

*कल पिपरई में तहसीलदार द्वारा अवैध चावल की गोदाम पर कार्यवाही की गई थी और गोदाम को सील कर दिया गया था, जिसकी जांच की जा रही है, जो भी सामने आएगा उचित कार्यवाही की जाएगी*

***इसरार खान,***
***एसडीएम मुंगावली।***



# करणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष इंदल सिंह वाहन रैली के साथ पहुंचे सोनेरा टेकरी

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** श्री हनुमान टेकरी शाढ़ौरा से शनिवार को श्री टेकरी सरकार सोनेरा पर क्षत्रिय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा के नेतृत्व में विशाल वाहन रैली ग्राम सोनेरा पहुंची। जहां टेकरी पर विराजमान श्री बालाजी सरकार के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। टेकरी पर श्री 1008 महामंडलेश्वर कनक बिहारी दास जी के उत्तराधिकारी श्री 1008 महामंडलेश्वर श्याम दास जी महाराज खुले आसमान के नीचे चातुर्मास में कठोर तपस्या कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने श्री गुरु महाराज जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और साथ में आए सभी करणी सेना के सदस्यों ने आग्रह किया कि क्षत्रिय करणी सेना का महासम्मेलन डॉ राज शेखावत संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष करणी सेना के नेतृत्व में 15 नवंबर को भोपाल में होने जा रहा है, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा ने सभी को आमंत्रित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष गोविन्द सिंह रघुवंशी, तहसील अध्यक्ष विक्की रघुवंशी सहित गुना, अशोकनगर करणी सेना के अन्य पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।

# राम मंदिर आंदोलन, कश्मीर में धारा 370 संघ के ही आंदोलन के परिणाम : मिश्रा

**संघ शाताब्दी वर्ष पर पथ संचलन का आयोजन**

**खिरका टांका मंडल ने सूरेल में किया कार्यक्रम**



**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी। शनिवार को खंड चंदेरी के खिरका टांका मंडल के सूरेल ग्राम में संघ सताव्दी वर्ष के उपलक्ष्य में खिरका टांका मण्डल का पथ संचलन निकाला गया।**

संचलन का संघ के मधुर गीतों पर पूरे सूरेल ग्राम का कदम ताल मिलाते हुए भ्रमण किया। जहां ग्राम के लोगों ने पुष्प वर्षा कर और घर के आगे रंगोली बनाकर भव्य स्वागत किया।कार्यक्रम में मंचासीन अथिति खंड संचालक अरविन्द कदम एवं मुख्यवक्ता के रूप में पूर्व जिला सेवा प्रमुख चन्द्रप्रकाश का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ। इस दौरान मुख्य वक्ता पूर्व जिला सेवा प्रमुख ने संघ परिचय बताते हुए कहा 100 वर्ष का संघ चरैवेति को चरितार्थ करता है। 1962 चीन युद्ध के समय संघ की भूमिका, गणतंत्र दिवस परेड में स्वयंसेवकों की उपस्थिति, 1954 में दादर नगर हवेली मुक्ति आंदोलन, 1955 में गोवा मुक्ति आंदोलन में संघ की भूमिका एवं दो बार संघ पर प्रतिबंध होने पर भी संघ सांस्कृतिक रूप से मजबूत होने के कारण प्रचारक पद्धति के त्याग के करण समाज को स्वीकार रहा। आज संघ विश्व के 80 देश में व्याप्त है 50 से अधिक अनुसांगिक संगठन है। राम मंदिर आंदोलन, कश्मीर धारा 370 संघ के ही आंदोलन के परिणाम है। वर्तमान में पांच परिवर्तन स्वदेशी कारण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य एवं पर्यावरण की माहिती आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। हमारा मंडल ही हमारा परम वैभव है अपने गांव मंडल को ही हमें प्रगतिशील बनाना है मन समर्पित तन समर्पित और यह जीवन समर्पित चाहता हूं मातृभूमि तुझको अभी कुछ और भी दूं पंक्तियों के साथ बौद्धिक समापन किया।

# स्वामी आनंद स्वरूप पर FIR की मांग

**सर्व समाज ने ज्ञापन देकर की मांग**

**सीएम को रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही बताया**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी के विरोध में अशोकनगर के सर्व समाज ने ज्ञापन सौंपा है। शनिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में एकत्र होकर समाज के प्रतिनिधियों ने दोषी व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उन्होंने कलेक्टर के नाम एसडीएम बृज बिहारी लाल श्रीवास्तव और पुलिस अधीक्षक के नाम कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप चौहान को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि 2 अक्टूबर को स्वामी आनंद स्वरूप ने फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया था। इस वीडियो में उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित पिछड़े वर्ग और उनके नेताओं के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। आरोप है कि यह वीडियो समाज में वर्ग संघर्ष और वैमनस्य फैलाने के उद्देश्य से बनाया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक हिंदुत्ववादी विचारधारा के नेता हैं, जिन्होंने धार्मिक मूल्यों को सदैव प्राथमिकता दी है। हाल ही में उन्होंने अपनी नई कैबिनेट के साथ अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के दर्शन कर अपने कार्यकाल की शुरुआत की थी। ऐसे में उन्हें रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही जैसे गंभीर आरोपों से संबोधित करना न केवल उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास है, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी ठेस पहुंचाने वाला है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि यह पहला मौका नहीं है जब स्वामी आनंद स्वरूप ने ऐसी टिप्पणी की है। पूर्व में भी वे भारतीय संविधान और डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति अपमानजनक टिप्पणियां कर चुके हैं, जिसे गंभीर अपराध और देशद्रोह की श्रेणी में रखा गया है। सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने तथाकथित बाबा के खिलाफ नारेबाजी की गई।

## धर्म-कर्म

### स्नातक सम्मेलन के समापन पर बोले मुनिश्री सुधागसार महाराज, निकली शोभायात्रा

# काम तुम करोगे और मान भारत माता का बढ़ेगा, तब भारत भूमि तुम पर गर्वित होगी



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मेरे अहो भाग्य है कि मुझे ऐसा राष्ट्र मिला, ऐसा कुल मिला, ऐसा गुरु मिला, ऐसे प्रभु मिले, ऐसी संस्कृती मिली, जब जब तुमने सौभाग्य माना उसी समय तुम अपने राष्ट्र के ऋणी हो गये। इस सौभाग्य के उपकार को चुकाना होग, कर्म ने हमें भारत में जन्म दिया, हम इस भारत माता के ऋणी हो गये ये ऋण एक पक्षिये है दुनिया के ऋणी लेकर मर गये तो कोई बात नहीं, लेकिन यदि आप ने भारत माता का रिण नहीं चुकाया तो फिर कभी आपको भारत भूमि और आर्य खण्ड में जन्म लेने का सौभाग्य नहीं मिलेगा उक्त आशय के उद्गार सुभाषगंज मैदान में स्नातक परिषद के सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुनिपुगंवश्री सुधासागर जी महाराज ने व्यक्त किए।

**शहर में निकली भव्य शोभायात्रा:**

इसके पहले स्नातक सम्मेलन में आये सभी युवा मनिषीयो का जैन समाज द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद देशभर से आयें सभी मनिषीयो का सम्मान किया गया और उसके बाद जिन युवा विद्वानो को अलंकृत किया गया है उन सभी सातों मनिषीयो में परिवार सहित बग्गीयो में बैठाया गया और इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई। जो सुभाष गंज मैदान से प्रारंभ हो गई होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। शोभायात्रा में आगे आगे डीजे पर भक्ति गीत चल रहे थे उनके पीछे युवाओ का समूह नाचते गाते चल रहा था। उसके बाद बग्गीयो इसके बाद ढोल बाजे इसके बाद युवाओं का समूह इसके बाद बैन्ड वाजे के साथ सभी युवा मनिषी अपने हाथों में विश्व शांति के प्रतीक ध्वज लेकर चल रहे थे।

### प्रदेश के राज्यपाल कल आयेंगे चंदेरी

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल 6 अक्टूबर को जिले की तहसील चंदेरी के ग्राम खानपुर आएंगे। जहां विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेग। जारी कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री पटेल दोपहर 1:30 बजे किला कोठी हेलीपैड आएंगे। दोपहर 1:35 बजे कार द्वारा ग्राम खानपुर चंदेरी के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 1:45 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक ग्राम खानपुर में कार्यक्रमों में भाग लेंगे।


**कार्यालय तहसीलदार तहसील व जिला अशोकनगर (मप्र)**

क्रमांक/री-1/2025/2086 दिनांक 19/9/25

**// विज्ञप्ति //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारायणसिंह पुत्र मेहरवान सिंह यादव निवासी ग्राम सुहागपुर ने अपनी माँ रतनबाई पत्नि मेहरवान की मृत्यु दिनांक 07/04/2024 को होना बताया है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने जाने हेतु आवेदन पेश किया है। इसमें किसी भी हितग्राही हो कोई आपत्ति हो तो वह कार्यालय तहसीलदार तहसील अशोकनगर में उपस्थित होकर दिनांक 3/10/2025 तक प्रस्तुत करे। बाद म्यांद गुजरने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। यह विज्ञप्ति पत्र दिनांक 19/9/25 मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**तहसील अशोकगर**

**कार्यालय तहसीलदार तहसील व जिला अशोकनगर (मप्र)**

क्रमांक/री-1/2025/2087- दिनाक 19/9/2025

**// विज्ञप्ति //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पहलवानसिंह पुत्र सिरनाम सिंह यादव निवासी ग्राम जसवन्तनगर ने अपने पुत्र विजयपाल यादव पुत्र पहलवान सिंह की मृत्यु दिनांक 24/06/2024 को होना बताया है। जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने जाने हेतु आवेदन पेश किया है। इसमें किसी भी हितग्राही को कोई आपत्ति हो तो वह कार्यालय तहसीलदार तहसील अशोकनगर में उपस्थित होकर दिनांक 3110/2025 तक प्रस्तुत करे। बाद म्याद गुजरने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। यह विज्ञप्ति पत्र दिनांक 19/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**तहसील अशोकनगर**